प्रश्न पुस्तिका सेट कोड : Question Booklet Set Code : **D**

651-

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No. 0169774

# INTERMEDIATE EXAMINATION-2023

# इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2023

**( ANNUAL / वार्षिक )**

विषय कोड : **Subject Code :** **106/125/206/224**

# HINDI (COMPULSORY)

# हिन्दी (अनिवार्य)

**I. Sc. & I. Com.**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
**Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— <u>खण्ड-अ</u> एवं <u>खण्ड-ब</u>।
6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले** बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

---



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।**

**50 × 1 = 50**

1. 'हार-जीत' शीर्षक कविता निम्न में से किनकी है ?

   (A) विनोद कुमार शुक्ल (B) रघुवीर सहाय

   (C) गजानंद माधव मुक्तिबोध (D) अशोक वाजपेयी

2. 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता का नायक कहाँ का रहनेवाला है ?

   (A) भिलाई, छत्तीसगढ़ (B) राँची, झारखंड

   (C) पटना, बिहार (D) जयपुर, राजस्थान

3. हरचरना किस कविता का पात्र है ?

   (A) हार-जीत (B) गाँव का घर

   (C) अधिनायक (D) उषा

4. 'दानव दुरात्मा एक, मानव की आत्मा एक ।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

   (A) जन-जन का चेहरा एक (B) उषा

   (C) अधिनायक (D) गाँव का घर



BiharboardQuestionpaper.com

5. 'कवियों के कवि' निम्नलिखित में से कौन कहे जाते हैं ?

(A) अशोक वाजपेयी (B) शमशेर बहादुर सिंह

(C) विनोद कुमार शुक्ल (D) जयशंकर प्रसाद

6. 'यह पुराना माल है' इस वाक्य में पुराना शब्द क्या है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया

7. 'जो बहुत बोलता है' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) वागीश (B) वाचाल

(C) वाचस्पति (D) गुणवान

8. 'जो पुरुष अभिनय करे' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) लेखक (B) अभिनेता

(C) राजनेता (D) नर्तक

9. ऐसी संज्ञाएँ जिनके खंड सार्थक होते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) रूढ़ (B) यौगिक

(C) योगरूढ़ (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

10. 'जिस पर विश्वास किया जा सके' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) विश्वसनीय (B) मित्र

(C) रिश्तेदार (D) स्वजन

11. भगत सिंह की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) संपूर्ण क्रांति (B) एक लेख और एक पत्र

(C) ओ सदानीरा (D) उसने कहा था

12. ओमप्रकाश वाल्मीकि की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) रोज (B) तिरिछ

(C) जूठन (D) शिक्षा

13. बालकृष्ण भट्ट की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) बातचीत (B) जूठन

(C) रोज (D) प्रगीत और समाज

14. जायसी की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) कड़बक (B) छप्पय

(C) कवित्त (D) उषा

15. सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता निम्न में से कौन है ?

(A) उषा (B) प्यारे नन्हें बेटे को

(C) पुत्र-वियोग (D) अधिनायक



BiharboardQuestionpaper.com

16. भूषण की कविता निम्न में से कौन है ?

(A) हार-जीत (B) कवित्त

(C) उषा (D) छप्पय

17. रघुवीर सहाय की कविता निम्न में से कौन है ?

(A) पुत्र-वियोग (B) जन-जन का चेहरा एक

(C) अधिनायक (D) गाँव का घर

18. जयशंकर प्रसाद की कविता निम्न में से कौन है ?

(A) तुमुल कोलाहल कलह में (B) कवित्त

(C) कड़बक (D) हार-जीत

19. भूषण की कविता में कौन रस पाया जाता है ?

(A) वीर रस (B) भक्ति रस

(C) श्रृंगार रस (D) वात्सल्य रस

20. निम्न में से किस कहानी में 'गैंग्रीन' का उल्लेख है ?

(A) रोज (B) तिरिछ

(C) शिक्षा (D) ओ सदानीरा



BiharboardQuestionpaper.com

21. 'जिसने यश प्राप्त किया है' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) यशस्वी (B) तेजस्वी

(C) यशवान् (D) गुणवान

22. 'निरीक्षण करने वाला' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) परीक्षक (B) अन्वेषक

(C) निरीक्षक (D) पर्यवेक्षक

23. 'जी-जान' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) कर्मधारय

24. 'कमलनयन' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय (D) द्विगु

25. 'आजीवन' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व

26. "गुलाब का पौधा प्रतिदिन फलता-फूलता जा रहा है ।" – कौन पदबंध है ?

(A) क्रिया पदबंध (B) संज्ञा पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध (D) विशेषण पदबंध



BiharboardQuestionpaper.com

27. 'कृपणता' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक

(C) समूहवाचक (D) जातिवाचक

28. 'भारतवर्ष' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) भाववाचक

(C) समूहवाचक (D) व्यक्तिवाचक

29. 'कवि' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

30. 'झुंड' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) भाववाचक

(C) जातिवाचक (D) व्यक्तिवाचक

31. "मेरा खोया हुआ खिलौना, अब तक मेरे पास न आया ।" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) पुत्र-वियोग (B) प्यारे नन्हें बेटे को

(C) हार-जीत (D) उषा



BiharboardQuestionpaper.com

32. 'पंचायती राज में जैसे खो गए पंचपरमेश्वर ।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) गाँव का घर (B) अधिनायक

(C) जन-जन का चेहरा एक (D) हार-जीत

33. 'जागिए, ब्रजराज कुँवर, कँवल – कुसुम फूले ।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) सूरदास के पद (B) तुलसीदास के पद

(C) छप्पय (D) कवित्त

34. 'नाम लै भरै उदर एक प्रभु-दासी-दास कहाइ ।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) कवित्त (B) छप्पय

(C) तुलसीदास के पद (D) सूरदास के पद

35. 'बिशनी' किस एकंकी की पात्रा हैं ?

(A) सिपाही की माँ (B) पैर तले की जमीन

(C) आधे-अधूरे (D) आषाढ़ का एक दिन

36. 'सूबेदारनी' किस कहानी की पात्रा है ?

(A) तिरिछ (B) उसने कहा था

(C) रोज (D) ओ सदानीरा



BiharboardQuestionpaper.com

37. 'वजीरासिंह' किस कहानी का पात्र है ?

(A) उसने कहा था (B) रोज

(C) तिरिछ (D) अर्धनारीश्वर

38. धाँगड़ों को 18 वीं शताब्दी के अंत में किस कार्य के लिए लाया गया था ?

(A) नील की खेती के लिए (B) मखाना की खेती के लिए

(C) मक्का की खेती के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

39. "निमोनिया से मरने वालों को मुरब्बे नहीं मिला करते ।" – यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) उसने कहा था (B) शिक्षा

(C) रोज (D) तिरिछ

40. "व्यक्ति से नहीं हमें तो नीतियों से झगड़ा है,

सिद्धांतों से झगड़ा है, कार्यों से झगड़ा है ।"

– उक्त संभाषण किस समाजवादी लेखक का है ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) नामवर सिंह

(C) भगत सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

41. 'आँखों का तारा होना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) प्रिय होना (B) अप्रिय होना

(C) मित्र होना (D) शत्रु होना



BiharboardQuestionpaper.com

42. 'चुटकी लेना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) हँसी उड़ाना (B) नीच समझना

(C) संकेत करना (D) दुखी करना

43. 'तीर मारना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) बड़ा कार्य करना (B) धन कमाना

(C) शिकार करना (D) सफलता पाना

44. 'दिल छोटा करना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) कृपण होना (B) संतप्त होना

(C) हतोत्साहित होना (D) अप्रसन्न होना

45. 'पुष्प' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) फूल (B) पुष्पित

(C) पुष्पमाला (D) पुष्पा

46. 'राष्ट्र' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) राष्ट्रीय (B) भारतीय

(C) देशीय (D) प्रादेशिक

47. 'समाज' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) असामाजिक (B) सामाजिक

(C) समाजु (D) सामाजी


BiharboardQuestionpaper.com

48. 'संधि' के कितने प्रकार हैं ?

(A) तीन (B) छः

(C) पाँच (D) आठ

49. "कौन आ रहा है" – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक (B) निजवाचक

(C) संबंधवाचक (D) पुरुषवाचक

50. 'कुछ खा लो' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक (B) अनिश्चयवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) निजवाचक

51. 'दुस्साहस' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) दुः + साहस (B) दुस + साहस

(C) दुर + साहस (D) दुस्सा + हस

52. 'अन्वेषण' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) अनु + एषण (B) अन्व + एषण

(C) अन + एषण (D) अन्वे + षण

53. 'आलस्य' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) आ (B) आल

(C) अलस (D) आलस

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com

54. 'अज्ञान' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अ (B) आ

(C) अज्ञ (D) अन्

55. 'परलोक' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) पर (B) प

(C) ओक (D) परल

56. 'जुर्माना' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) माना (B) ना

(C) आना (D) अ

57. 'पंकिल' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) इल (B) ल

(C) किल (D) किंल

58. 'चमक' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

59. 'यात्रा' शब्द क्या है ? biharboardquestionpaper.com

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग

(C) पुंलिंग (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

60. 'कुहासा' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

61. 'प्रकृति-वर्णन' से सम्बन्धित कविता कौन है ?

(A) गाँव का घर
(B) उषा
(C) अधिनायक
(D) छप्पय

62. 'बीजक' के रचयिता कौन हैं ?

(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) जायसी

63. 'अर्धनारीश्वर,' शीर्षक निबंध में शंकर और पार्वती का किस प्रकार का रूप वर्णित है ?

(A) आदर्श
(B) यथार्थ
(C) कल्पित
(D) वास्तविक

64. लेखक को स्कूल में झाड़ू लगाते हुए किसने देख लिया था ?

(A) माँ ने
(B) भाई ने
(C) पिताजी ने
(D) भाभी ने


BiharboardQuestionpaper.com

65. मुन्नी डाक गाड़ी के पीछे क्यों जाती है ?

(A) चिट्ठी लेने (B) सामान लेने

(C) पेंशन लेने (D) राशन लेने

66. मानक बिशनी से दूध की जगह क्या माँगता है ?

(A) पानी (B) मिठाई

(C) चाय (D) खाना

67. साम्यवादी किससे लड़ रहा है ?

(A) पूँजीवादी से (B) समाजवादी से

(C) सत्तावादी से (D) आतंकवादी से

68. तुलसीदास का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य कौन है ?

(A) कामायनी (B) उर्वशी

(C) रामचरितमानस (D) साकेत

69. रामधारी सिंह दिनकर की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) संपूर्ण क्रांति (B) तिरिछ

(C) अर्धनारीश्वर (D) शिक्षा

BiharboardQuestionpaper.com

70. जे० कृष्णमूर्ति की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) शिक्षा (B) जूठन

(C) रोज (D) बातचीत

71. 'सभा' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) उभयलिंग

(C) स्त्रीलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

72. 'अनल' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) आग (B) हवा

(C) पानी (D) आकाश

73. 'आयुष्मान' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) चिरंजीवी (B) शिष्य

(C) पुत्र (D) संतान

74. 'कनिष्क' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) ज्येष्ठ (B) चौड़ा

(C) छोटा (D) लम्बा



BiharboardQuestionpaper.com

75. 'स्वदेश' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) देशीय
(B) देश
(C) परदेश
(D) विदेश

76. 'उन्नति' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) अवनति
(B) प्रगति
(C) ऊपर
(D) तरक्की

77. 'अधिकतम' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) न्यूनतम
(B) कमतर
(C) अधिकांश
(D) लघु

78. 'ङ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) तालु
(C) मूर्द्धा
(D) ओष्ठ

79. 'ट' का उच्चारण-स्थान क्या ह ?

(A) मूर्द्धा
(B) तालु
(C) कंठ
(D) दंत

80. 'ब' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालू
(B) कंठ
(C) ओष्ठ
(D) दंत

Biharboardquestionpaper.com

81. 'ओ सदानीरा' हिन्दी साहित्य में किस विधा के अन्तर्गत है ?

(A) नाटक
(B) उपन्यास
(C) निबंध
(D) यात्रा-वृत्तांत

82. रामधारी सिंह दिनकर किस विश्वविद्यालय में 'उपकुलपति' के पद पर रहे हैं ?

(A) भागलपुर विश्वविद्यालय
(B) राँची विश्वविद्यालय
(C) पटना विश्वविद्यालय
(D) पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय

83. 'शिक्षा' शीर्षक पाठ क्या है ?

(A) शिक्षा शास्त्र
(B) अर्थशास्त्र
(C) भाषा शास्त्र
(D) तर्क शास्त्र

84. नाभादास किस प्रकार के भक्त कवि थे ?

(A) सगुणोपासक रामभक्त
(B) सगुणोपासक कृष्णभक्त
(C) निर्गुणोपासक प्रेममार्गी
(D) निर्गुणोपासक ज्ञानमार्गी

85. हिन्दी का समन्वयवादी कवि किसे माना जाता है ?

(A) तुलसीदास को
(B) जायसी को
(C) मीराबाई को
(D) सूरदास को


BiharboardQuestionpaper.com

86. अपने लेखन में मोपासाँ ने कैसे समाज के चाल-चरित्र को बेपर्द किया है ?

(A) सम्पन्न (B) बुर्जुआ

(C) विपन्न (D) दरिद्र

87. किसका 'बटुआ' बेंजेविल सड़क पर गिर गया था ?

(A) मैत्र हूलब्रेक (B) मैत्र होशेकम

(C) मेयर (D) इनमें से कोई नहीं

88. 'चित्ररेखा' किस कवि की रचना है ?

(A) जायसी (B) सूरदास

(C) तुलसीदास (D) नाभादास

89. 'क्लर्क की मौत' शीर्षक कहानी में क्लर्क का क्या नाम है ?

(A) इवान द्मीत्रिच चेख्यकोव (B) मैत्र होशेकम

(C) मैत्र हूलब्रेक (D) फ्रैंक्वा

90. महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति निम्न में कौन रहे हैं

(A) अशोक वाजपेयी (B) रघुवीर सहाय

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) नामवर सिंह



BiharboardQuestionpaper.com

91. "आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है ।" – यह कथन किस लेखक का है ?

(A) मलयज (B) नामवर सिंह

(C) भगत सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

92. "जब देश के भाग्य का निर्णय हो रहा हो तो व्यक्तियों के भाग्य को पूर्णतया भुला देना चाहिए ।" – यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) एक लेख और एक पत्र (B) रोज

(C) जूठन (D) संपूर्ण क्रांति

93. ओमप्रकाश और सुखदेव सिंह त्यागी किस शीर्षक पाठ के पात्र हैं ?

(A) जूठन (B) ओ सदानीरा

(C) तिरिछ (D) सिपाही की माँ

94. गंडक नदी की चर्चा किस शीर्षक पाठ में है ?

(A) ओ सदानीरा (B) रोज

(C) अर्धनारीश्वर (D) तिरिछ

95. 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम क्या है ? biharboardquestionpaper.com

(A) माधव मुक्तिबोध (B) गजानन मुक्तिबोध

(C) गजानन माधव मुक्तिबोध (D) इनमें से कोई नहीं


BiharboardQuestionpaper.com

96. जे० कृष्णमूर्ति के पिता का नाम क्या था ?

(A) नारायणा जिद्दू
(B) जे० नारायण
(C) नारायण मूर्ति
(D) प्रेम नारायण सिंह

97. उदय प्रकाश की माता का नाम क्या है ?

(A) गंगा देवी
(B) मकुंदी देवी
(C) बागेश्वरी देवी
(D) बच्चन कौर

98. मोहन राकेश का जन्म-स्थान कहाँ है ?

(A) शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश
(B) कुशीनगर, उत्तर प्रदेश
(C) अमृतसर, पंजाब
(D) आजमगढ़, उत्तर प्रदेश

99. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म-स्थान कहाँ है ?

(A) इलाहाबाद
(B) अमृतसर
(C) आजमगढ़
(D) दिल्ली

100. ज्ञानेन्द्रपति का जन्म-स्थल कहाँ है ?

(A) गोड्डा, झारखंड
(B) दुर्ग, छत्तीसगढ़
(C) लखनऊ, उत्तर प्रदेश
(D) बोध गया, बिहार



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

(i) छात्र-जीवन

(ii) शिक्षक दिवस

(iii) पुस्तकालय

(iv) प्राकृतिक-संसाधन

(v) मोबाइल : वरदान या अभिशाप

(vi) वसंत ऋतु ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

(i) "जिस पुरुष में नारीत्व नहीं, अपूर्ण है ।"

(ii) "एक कलाकार के लिए यह निहायत जरूरी है कि उसमें 'आग' हो और वह खुद 'ठंडा' हो ।"

(iii) "भाई-बहिन भूल सकते हैं
पिता भले ही तुम्हें भुलावे
किंतु रात-दिन की साथिन माँ
कैसे अपना मन समझावे ।"

(iv) "जहाँ मरु ज्वाला धधकती,
चातकी कन को तरसती,
उन्हीं जीवन घाटियों की
मैं सरस बरसात रे मन ।"



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन-पत्र लिखें, जिसमें जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया गया हो । 5

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए अपनी माता जी को एक पत्र लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : 5 × 2 = 1

(i) जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुए ?

(ii) 'धाँगड़' शब्द का क्या अर्थ है ?

(iii) डायरी क्या है ?

(iv) सड़कों को क्यों सींचा जा रहा है ?

(v) माँ के लिए अपना मन समझाना कब कठिन है और क्यों ?

(vi) बँधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(vii) उत्सव कौन और क्यों मना रहा है ?

(viii) 'गाँव का घर' शीर्षक कविता में पंच परमेश्वर के खो जाने को लेकर कवि चिंतित है ?

(ix) कृष्ण खाते समय क्या-क्या करते हैं ?

(x) कवि मुक्तिबोध ने सितारे को भयानक क्यों कहा है ?



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें : $3 \times 5 = 15$

(i) 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखें ।

(ii) 'बातचीत' शीर्षक निबंध का सारांश लिखिए ।

(iii) 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' शीर्षक पाठ का सारांश लिखिए ।

(iv) 'पेशगी' शीर्षक कहानी में कारमेन की भूमिका को संक्षेप में लिखिए ।

(v) नदियों की वेदना का क्या कारण है ? स्पष्ट करें ।

(vi) दूसरे कड़बक का भाव-सौंदर्य स्पष्ट करें ।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(i) कबीर, नानक और दादू अत्यन्त मुक्त आत्माएँ थीं, जिनका आध्यात्मिक क्षितिज अत्यधिक फैला हुआ था और उसमें धर्मांधता की छूत या साम्प्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं थी । यह किसी भी युग के लिए सबसे अधिक महत्त्व की बात है । उन्होंने धार्मिक झगड़ों को शांत करने का प्रयास किया तथा हिन्दू, मुसलमान और अन्य सम्प्रदायों की एकता के लिए अपनी तरफ से भरपूर कोशिश की ।



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) अनुशासन की आवश्यकता छात्र-जीवन के लिए सबसे अधिक है । छात्र विवेक संगत शृंखला में रहने की आदत डालें । उनकी क्षमता बिखर कर नष्ट न होने पाए । इसके लिए छात्रों को व्यावहारिक जीवन में अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है । जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है । केवल विद्यालय में ही नहीं, वरन् परिवार एवं समाज में भी अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है । जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है । पूरी सृष्टि और पूरा ब्रह्माण्ड ही अनुशासन से बँधा हुआ है । जीवन में अनुशासन न हो तो हम आसानी से अराजकता के शिकार हो जायेंगे ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com